पुरातत्व एवं विरासत के संवर्द्धन में हकेंवि देगा योगदान

महेंद्रगढ़, 3 मार्च (परमजीत, मोहन): भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ को देश के 30 संस्थानों की उस सूची में शामिल किया है जो कि पुरातत्व एवं विरासत से संबद्ध विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने हेतु अधिसूचित है।हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इसे विश्वविद्यालय के लिए एक विशिष्ट उपलब्धि बताया और इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के शिक्षकों द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रो. टंकेश्वर ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय से अधिसूचित होने के बाद विश्वविद्यालय प्राचीन स्मारकों एवं पुरातात्विक अवशेषों के संबंध में नियमन एवं संचालन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर अपना योगदान दे सकेगा।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

विश्वविद्यालय को मिली

इस उपलब्धि के बारे जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के प्रभारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश के प्रमुख संस्थानों में शामिल किया गया है, जो पुरातत्व और विरासत से संबद्ध विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेगा।

इस हेतु भारत सरकार ने गजट नोटिफिकेशन के माध्यम से देश की 30 संस्थाओं का चयन किया गया, जिसमेंहरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय का इतिहास एवं पुरातत्व विभाग भी शामिल है। डॉ. सिंह ने बताया कि इससे पहले भी विभाग ने भिवानी जिले के तिगड़ाना स्थान से हड़प्पाकालीन अवशेषों को खुदाई कर प्राप्त किया था। विभाग के इस कार्य की भी देश भर में सराहना हुई थी।